हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 15 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 परिवार न्यायालय ने रचा इतिहासः एक ही ...



09 बायोमेट्रिक, फेस वैरिफिकेशन व तलाशी के...



### खबर संक्षेप



### क्रिकेटर पृथ्वी शॉ पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

**नलखेड़ा।** शुक्रवार रात्रि को क्रिकेटर पृथ्वी शॉ मंगेतर आकृति अग्रवाल के साथ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। गर्भगृह में पुजारी द्वारा माता रानी की चुनर ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सिद्धपीठ पहुंचने पर उनके प्रशंसक मोहित मकवाना सहित अन्य क्रिकेट प्रेमियों ने उनका स्वागत किया।

### भूतड़ी अमावस्या पर व्यस्थाओं के लिए लगाई गई ड्यूटी

**सीहोर।** भूतड़ी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आंवलीघाट पहुंचते हैं। आंवलीघाट श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार भूतड़ी अमावस्या के अवसर पर 17 मार्च से 19 मार्च तक अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों को 17 मार्च से प्रातः 8 बजे से आंवलीघाट पर उपस्थित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेशानुसार सीहोर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट को आवंलीघाट पर पर्याप्त गोताखोर एवं मोटरबोट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में 284 हितग्राहियों को मिले भू-अधिकार पट्टे

# सरकार ने हर वर्ग की चिंता की, गरीबों का जीवन बदल रहा : प्रभारी मंत्री चौहान





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं आगर मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि आज देश एवं प्रदेश में शासन की योजनाओं का सीधा लाभ आम नागरिकों तक पहुंच रहा है। जो गरीब व्यक्ति कभी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करता था, आज उसे आवास, राशन, स्वास्थ्य उपचार, शिक्षा एवं रोजगार जैसी सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो रही हैं। सरकार की योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रभारी मंत्री चौहान शुक्रवार को आगर मालवा में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंच से हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्र वितरित कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में 284 हितग्राहियों को भू-अधिकार पट्टों का वितरण किया गया।

प्रभारी मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं एवं वंचित वर्गों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हुआ है और कच्चे घरों में रहने वाले परिवार आज सुरक्षित छत के नीचे सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 5 लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाखों परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आया है। सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ सुनिश्चित करना है। शासन निरंतर प्रयासरत है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे।

इस अवसर पर विधायक मधु गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सीधा लाभ गरीब वर्ग को मिल रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों का पक्के आवास का सपना साकार हुआ है। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि वर्तमान समय विकास और जनकल्याण का स्वर्णिम काल है, जिसमें सरकार गरीब परिवारों को आवास के साथ-साथ भू-अधिकार पट्टे प्रदान कर उन्हें सशक्त बना रही है। नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर जयदीप पटेल, पूर्व विधायक लालजी राम मालवीय, गोपाल परमार, दिनेश परमार, भैरूसिंह चौहान, चिंतामण राठौर, दिलीप सकलेचा, मयंक राजपूत, भरत प्रजापत, बाबूलाल यादव, मनीष सोलंकी, तूफान सिंह गरबड़ा, प्रेम यादव, अजय जैन, जगदीश गवली, कैलाश कक्का, अशोक प्रजापत, रानू नरवाल, महेश शर्मा, करण सिंह यादव, हरि नारायण यादव संगीता देसाई, आभा चौपड़ा, मीणा कुलदिया, सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों में सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, नगर पालिका सीएमओ कुशाल सिंह डोडवे आदि उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने 187 लाख के निर्माणों कार्यों का भूमिपूजन किया

प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने 187 लाख की लागत से आगर नगर में हनुमान गढ़ी से श्मशान तक निर्मित होने वाले अटल पथ के साथ ही अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। प्रभारी मंत्री चौहान ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया, तद्उपरांत विधिवत निर्माण कार्यां का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




# नलखेड़ा-बड़ागांव मार्ग पर हो रहे गड्ढे, परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नलखेड़ा से बड़ागांव मार्ग पर हो रहे गड्ढों के चलते प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में दो-तीन मौत भी हो चुकी हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग का चौड़ीकरण भी कराया जा रहा है लेकिन उसकी धीमी गति को देखते हुए इसका निर्माण जल्द होने की संभावना नहीं है। ऐसे में मार्ग के गड्ढों को तत्काल भरा जाना आवश्यक है। नलखेड़ा-बड़ागांव मार्ग पर स्थान स्थान पर बड़े बड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़क को फिर से नहीं बनाए जाने से ये गड्ढे और बड़े हो गए हैं जोकि वाहन चालक को दूर से दिखाई नहीं देते। ऐसे में कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। शनिवार को ऐसे ही एक गड्ढे में गिरकर एक महिला घायल हो गई। वहीं इसके पूर्व भी एक महिला व एक युवक की दुर्घटना में मौत हो चुकी है। कुछ दिनों बाद चैत्र नवरात्रि महापर्व प्रारंभ होने वाला है। इस महापर्व के दौरान मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों का आवागमन कई गुना बढ़ जाएगा। ऐसे में और अधिक दुर्घटनाएं होने की संभावना रहेगी।


### निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी

नलखेड़ा-बड़ागांव मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। लेकिन इस निर्माण की गति बेहद धीमी होने के कारण भी यातायात में कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर साइडें खुदी हुई पड़ी हैं जहां भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### नाले की पुलिया पर भरा पानी, दोपहिया वाहन चालक हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

नलखेड़ा-बड़ागांव मार्ग पर ही वेदिया पेट्रोल पंप के समीप स्थित एक नाले की नवनिर्मित पुलिया पर पानी भरा होने से वहां कीचड़ व्याप्त हो गया है जहां फिसलकर प्रतिदिन कई दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

# 1600 सिलेंडर की बुकिंग वेटिंग:एजेंसी संचालक बोले सर्वर की वजह से देरी



**सीहोर।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। हालांकि पिछले दो दिनों में करीब 1600 बुकिंग वेटिंग में पहुंच गई हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, अचानक ज्यादा बुकिंग आने या लोग मोबाइल नंबर अपडेट कराने पहुंचने के कारण सर्वर कुछ समय के लिए धीमा या डाउन हो जाता है। इसी वजह से बुकिंग में थोड़ी देरी हो रही है।

### शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम शुरू

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गैस से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए जिला और अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम शुरू किया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर 9111568661 है। यह कंट्रोल रूम अगले आदेश तक रोज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा।

### कालाबाजारी रोकने के लिए बैठक

गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने एलपीजी वितरकों के साथ बैठक की। बैठक में घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जमाखोरी या कालाबाजारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आष्टा की कई गैस एजेंसियों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया।

### कुछ कमर्शियल उपभोक्ताओं को फिलहाल सप्लाई बंद

ऑयल कंपनी के अनुसार अभी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं जैसे होटल, मॉल, फैक्ट्री और औद्योगिक इकाइयों को कमर्शियल गैस की आपूर्ति फिलहाल नहीं की जाएगी। जरूरी सेवाओं जैसे अस्पताल, स्कूल, पुलिस, सीआरपीएफ, डिफेंस और जेल आदि के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आकलन किया जा रहा है।

### एजेंसी संचालक बोले-गैस की कोई कमी नहीं

गैस एजेंसी संचालक मुस्तफा हुसैन ने बताया कि जिले में गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लोग ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर अपडेट कराने आ रहे हैं और अचानक ज्यादा कॉल या बुकिंग होने से सर्वर धीमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि वेटिंग बुकिंग लगातार क्लियर की जा रही हैं और गैस की कोई कमी नहीं है।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ प्रकरणों का निराकरण



**नलखेड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा डीएस चौहान के आदेश एवं दिशा निर्देशानुसार वरिष्ठ न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नलखेड़ा नितिन सोनी द्वारा व्यवहार न्यायालय नलखेड़ा में वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को किया। लोक अदालत में 26 मामलों में से 25 मामलों का निराकरण किया गया। जिससे 56 लोग लाभान्वित हुए तथा 46 लाख 14 हजार 549 रुपए राशि के संबंध में समझौता हुआ। समझौते के लाभान्वितों को पौधें भेंट किए गए। इस अवसर पर अभिभाषक संघ नलखेड़ा के अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौथे दिन पारस विहार वाटिका पहुंची गणगौर, महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल और माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में दोनों के सहयोग से 10 दिवसीय गणगौर उत्सव की शुरुआत बीते दिनों हुई। उत्सव की शुरुआत शीतला सप्तमी में ज्वारे बोए जाते हैं। परंपरा अनुसार बोए जवारो का समापन तीज पर यानी गणगौर पर किया जाएगा। पर्व के चौथे दिन पारस विहार वाटिका में ढोल बाजे के साथ महिलाओं ने गणगौर निकाली।

गणगौर माता कि विधि विधान से से पूजा कर उनको ज्वारे अर्पित किए। साथ ही महिलाओं ने पारम्परिक गीत गाकर सर्व समाज की की महिलाएं सुख संमृद्धि की कामना की। महिला मंडल ने बताया कि गणगौर पर्व के दौरान महिलाएं गणगौर को बगीचे में ले जाई जाती जाती है। जिसमें सर्व समाज, माहेश्वरी, सोनी, ब्राह्मण, अग्रवाल समाज की महिलाएँ शामिल होती है। शुक्रवार को पारस वाटिका में अंजू अग्रवाल के यहां गणगौर का स्वागत किया।

पांचवे दिवस शनिवार को गणगौर गीत सोडानी के निवास स्थान बस स्टैंड जाएगी। माहेश्वरी समाज की सचिव रजनी बहेती ने सभी से आग्रह किया कि सभी मिलजुलकर गणगौर उत्सव मनाए। इस दौरान संगीता राठी, प्रतिभा झावर, शोभा चंडक, आभा कासट, ममता पितलिया, पुष्पा सोनी, मोहिनी, अध्यक्ष रुकमणी रोहिला और प्रेमलता रूठिया, संध्या मोदी, ज्योति मोदी, उमा भारतीय, संध्या कोहली, रश्मि अग्रवाल, मंजू बंसल, हेमा अग्रवाल, तारा अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मंजू भारतीय, उषा अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

### 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी पर होगा

# चैत्र नवरात्र 19 से : डोली पर सवार होकर आएंगी मां अंबे, शुभ संयोगों के बीच शुरू होगा नव संवत्सर 2083

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आगामी 19 मार्च से शुरू होगा। इसी दिन से सनातन नववर्ष यानी नव संवत्सर 2083 का भी आगाज होगा। चैटी चांद का पर्व भी इस दौरान उत्साह के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के देवी मंदिरों से लेकर घर-घर में घटस्थापना और मां शक्ति की आराधना की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं ।ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार मां अंबे का आगमन डोली में हो रहा है। जो सुख-समृद्धि का संकेत तो है, लेकिन साथ ही स्वास्थ्य और आर्थिक निवेश के मामलों में विशेष सावधानी बरतने का भी संदेश देता है। पंडित राजेश पौराणिक, संजय शर्मा और आयुष्मान तिवारी के अनुसार इस बार नवरात्र के पहले दिन दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहे हैं। चैत्र प्रतिपदा के दिन शुक्ल योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और छत्र योग का त्रिवेणी संगम हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन शुभ योगों में की गई पूजा-पाठ और कलश स्थापना से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुखों का नाश होता है। 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी के अवसर पर होगा। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।

### नूतन संवत्सर 2083: गुरु होंगे 'राजा' और मंगल 'मंत्री'

पं. तिवारी के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। इस बार वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे। नए संवत्सर का नाम रौद्र होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार गुरु के राजा होने से धार्मिक कार्यों में वृद्धि होगी। जबकि मंगल के मंत्री होने से साहसिक निर्णयों और भू-राजनीतिक गतिविधियों में तेजी देखी जा सकती है। नवरात्र के दौरान ही 21 मार्च को गौरी तृतीया (गणगौर तीज) का व्रत रखा जाएगा और रामनवमी पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मंदिरों में विशेष तैयारियां- 9 दिन रहेगी धूम

नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में मां दुर्गा मंदिर मंदिर, शीतला माता मंदिर, गायत्री मंदिर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से ही अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी और प्रतिदिन विशेष श्रृंगार, महाआरती व नवचंडी पाठ का आयोजन होगा। इस दौरान नगर के दुर्गा मंदिर चौराहे पर स्थित मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड पाठ के आयोजन संपन्न होंगे।

पंडित संजय शर्मा के द्वारा यहां पर विशेष रूप से पूजन संपन्न की जाती है। महागौरी की आराधना करने के साथ ही प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना संपन्न होता है।

### गायत्री मंदिर में गूंजेंगे महामंत्रः 9 दिवसीय अखंड जप और यज्ञ

नगर के गायत्री मंदिर में पिछले कई वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी यहाँ 9 दिवसीय अखंड गायत्री महामंत्र जप और हवन-यज्ञ का सिलसिला चलेगा। गायत्री शक्तिपीठ में कई साधक नौ दिनों तक कठिन व्रत का पालन करते हुए मंत्र साधना में लीन रहेंगे। प्रतिदिन गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण शुद्ध और सकारात्मक बनेगा। मंदिर प्रबंधन के अनुसार सामूहिक साधना का उद्देश्य विश्व शांति और जन-कल्याण है। इसके अतिरिक्त नगर में भक्त अखंड ज्योत जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। कई परिवारों में कुलदेवी की विशेष पूजा की भी परंपरा है। 19 मार्च को सुबह शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों का यह तप शुरू हो जाएगा।

# शिविर लगाकर किया गया 675 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 13 मार्च को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 496 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 179 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 83 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह हुआ आयोजित



**चापडा।** वरिष्ठ जनों के सम्मान और अधिकार के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद सभा गृह बागली में सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ एडवोकेट प्रवीण चौधरी, श्याम तोमर,अशोक गुप्ता, शंकर लाल भाटी सहित वरिष्ठ नागरिक जन सम्मिलित रहे। क्षेत्र के करीबन 70 से 80 महिला पुरुष वरिष्ठजनों का अतिथियों एवं विभाग के अधिकारियों ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत सम्मान किया। शुक्रवार को जनपद पंचायत बागली सभा कक्षा में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007, के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ एडवोकेट, प्रवीण चौधरी ने कहा कि वरिष्ठ जनों का सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग दर्ज

**चापडा।** ग्राम छतरपुरा में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां पर एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी अनुसार रवि पाटीदार जो की सेवा सहकारी संस्था बागली में कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। रवि ने शनिवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार रवि धार्मिक एवं क्रिकेट के क्षेत्र में काफी सक्रिय था। शनिवार सुबह खुशहाल मिजाज से गांव में घूम फिर रहा था, अचानक गांव में उसकी आत्महत्या करने की खबर फैलते ही हर कोई अचंभित रह गया। प्रथम दृष्टि में आत्महत्या करने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चैत्र नवरात्रि पर रजत श्रृंगार और महायज्ञ

**देवास।** हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर संस्था जय रणजीत महाकाल सेवा समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचमुखी रणजीत हनुमान जी का रजत श्रृंगार तथा नौ चंडी महायज्ञ का आयोजन भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। समिति के कपिल सिलावट ने बताया कि आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम 19 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न होगा। यह आयोजन महाकाल मंदिर, उज्जैन रोड, देवास में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 27 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे भव्य महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है। सभी से धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

### नेशनल लोक अदालत में 876 लंबित और 470 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण, करोड़ों के अवार्ड पारित

# परिवार न्यायालय ने रचा इतिहासः एक ही बैठक में 68 मामले निपटाए, 34 खंडपीठों में किया व्यापक समाधान





### 34 खंडपीठों में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआई एक्ट (चेक बाउंस), श्रम प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा तथा बीएसएनएल से संबंधित मामलों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय देवास में शनिवार 14 मार्च 2026 को वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में जिले के समस्त न्यायालयों में संपन्न हुआ। लोक अदालत का शुभारंभ विशेष न्यायाधीश एवं लोक अदालत प्रभारी विकास शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराने से पक्षकारों को समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक मामलों में आपसी सहमति से समाधान कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुटुंब न्यायालय देवास के प्रधान न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि लोक अदालत न्याय पाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिवक्ताओं से लोक अदालत में सक्रिय भागीदारी कर अधिक से अधिक मामलों के निराकरण में सहयोग देने की अपील की।

#### एक दिन में 68 मामलों का निराकरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के तत्वावधान में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। न्यायाधीश जितेन्द्र कुशवाह ने एक ही बैठक में कुल 68 पारिवारिक प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया। यह संख्या परिवार न्यायालय देवास के इतिहास में किसी एक लोक अदालत में निराकृत मामलों की अब तक की सबसे बड़ी संख्या मानी जा रही है। पारिवारिक विवादों का समाधान सामान्यतः संवेदनशील और जटिल प्रक्रिया माना जाता है, क्योंकि इसमें दोनों पक्षों के बीच सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में एक ही दिन में 68 परिवारों को राहत मिलना न्यायिक दक्षता और प्रयासों का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

#### जिले में 34 न्यायिक खंडपीठों का गठन

नेशनल लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय देवास सहित सोनकच्छ, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द और बागली तहसीलों में कुल 34 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। इन खंडपीठों में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआई एक्ट (चेक बाउंस), श्रम प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा तथा बीएसएनएल से संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। विशेष न्यायाधीश विकास शर्मा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रोहित श्रीवास्तव ने विद्युत कंपनी, नगर निगम, बैंक, बीएसएनएल और बीमा कंपनियों के स्टॉल का निरीक्षण कर अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के समाधान के लिए प्रेरित किया। लोक अदालत में समझौता करने वाले पक्षकारों को स्मृति स्वरूप फलदार और फूलों के पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।


#### 876 लंबित मामलों का निराकरण

इस नेशनल लोक अदालत में जिलेभर में 876 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें आपराधिक 264, मोटर दुर्घटना दावा 58, चेक बाउंस 171, फैमिली मेटर्स 55, विद्युत 156, श्रम 11, विविध 130 तथा सिविल 26 मामले शामिल रहे। इन प्रकरणों में कुल 12 करोड़ 63 लाख 40 हजार 174 रुपये के अवार्ड पारित किए गए, जिससे 2086 लोग लाभान्वित हुए। मोटर दुर्घटना से संबंधित 58 क्लेम मामलों में 6 करोड़ 63 लाख 77 हजार रुपये के अवार्ड आपसी समझौते के आधार पर पारित किए। वहीं नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के 171 मामलों में 4 करोड़ 31 लाख 38 हजार 753 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा 26 सिविल मामलों में 39 लाख 57 हजार 228 रुपये की राशि से संबंधित विवादों का समाधान हुआ।

#### प्रिलिटिगेशन मामलों का भी हुआ समाधान

लोक अदालत में 470 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया, जिनमें 69 लाख 24 हजार 107 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। इन मामलों के समाधान से 896 व्यक्तियों को लाभ मिला। कार्यक्रम में विभिन्न न्यायाधीशों, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों, नगर निगम, विद्युत कंपनी, बैंक, बीमा कंपनियों के अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारी, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर्स आदि उपस्थित थे।



## अपर कलेक्टर सोलंकी की अध्यक्षता में जल एवं स्वच्छता मिशन की हुई बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में युनिसेफ, वाल्मी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में देवास जिले के 02 ब्लॉक सोनकच्छ एवं बागली के 10 गामों में संचालित समुदाय संचालित आर्दश नलजल योजना के अतंर्गत किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया तथा योजना के क्रियान्वयन तथा संचालन में अन्य विभागों की भूमिका एवं अपेक्षा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक में नलजल मित्रों के अनुबंध की प्रकिया पर जिला पंचायत द्वारा विचार करने एवं योजना हस्तांतरण उपरांत



सुविधा शुल्क संग्रहण के लिये अधिक से अधिक स्व सहायता समूह को जोडने के लिये निर्देशित किया गया।इस दौरान नलजल योजना अंतर्गत ग्राम बीसाखेडी में जल सखी विमला राणा को विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सचिव जलशक्ति मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए। सम्मान पत्र को अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अमित सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की ग्रामवार जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में कुल 645 एकल नलजल योजना संचालित है। जिसमें 512 ग्राम का कार्य पूर्ण तथा 133 योजना प्रगतिरत है।

जिले में 430 योजना पंचायत को हैंडओवर हो गई तथा शेष 82 योजना जहां कार्य पूर्ण हो गया एवं हस्तांरण की प्रकिया शेष है। अपर कलेक्टर सोलंकी 82 योजना को जल्द हस्तांतरण करने के निर्देश लो.स्वा.यात्रिकी विभाग एवं संबधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को दिए।मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा जिले में क्रियान्वयन की जा रही 03 समूह नलजल योजना की प्रगति का प्रस्तुतिकरण जल निगम की प्रबंधक आयुषी जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## शॉर्ट सर्किट से 3 बीघा गेहूं की फसल जली



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र के कमलापुर के गोपीपुर में बिजली लाइन से लगी आग ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेत के ऊपर से गुजर रही जर्जर विद्युत लाइन में कथित शॉर्ट सर्किट से करीब तीन बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार किसान संतोष पिता राधेश्याम बेनीवाल के खेत में अचानक आग लग गई, जिससे करीब तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जल गई। ग्रामीणों के अनुसार खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन लंबे समय से ढीली और खराब हालत में थी। इसकी शिकायत कई बार विद्युत मंडल के अधिकारियों से की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

घटना की सूचना मिलने पर पटवारी भुरु चौहान और पंचायत सचिव सोहनलाल जाट मौके पर पहुंचे। उन्होंने खेत का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया और पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। ग्रामीण त्रिलोक राठौर, मदनलाल चौहान, मुकेश बेनीवाल सहित अन्य लोगों ने बताया कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन काफी समय से जर्जर हालत में है। इसकी शिकायत विद्युत मंडल के सुपरवाइजर संजय साहू और लाइनमैन से कई बार की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते तारों की मरम्मत कर दी जाती तो यह हादसा टल सकता था और किसान की फसल सुरक्षित रहती। घटना के बाद ग्रामीणों में विद्युत मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध बिजली सप्लाई की शिकायतें भी पहले की जा चुकी हैं, लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### नहीं हुआ शॉर्ट सर्किट

हमारे विद्युत मंडल के तार से कोई शॉर्ट सर्किट नहीं हुआ है। संभव है कि किसानों द्वारा लिए गए अस्थायी कनेक्शन की लंबी सर्विस लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ हो, जिससे आग लगी होगी। जहां तक अवैध बिजली कनेक्शन की बात है, यह मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि कोई बिजली चोरी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संजय साहू,** विद्युत वितरण कंपनी

### सरदार एकता यात्रा का देवास पहुंचने पर विभिन्न समाजों ने किया जोरदार स्वागत

# समाजों की एकजुटता, राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य पर गुजरात से निकली सरदार एकता यात्रा का देवास नगर में भव्य स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान यात्रा का विभिन्न स्थानों पर मंच लगाकर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल समाजजनों और नागरिकों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रहित का संदेश दिया।

#### प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

यात्रा मार्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी, महाराणा प्रताप और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्र निर्माण में इन महापुरुषों के योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों में नंदकिशोर पाटीदार, बबलू पाटीदार, नवीन नाहर, केके गौर, राजेश पटेल, नरेंद्र पाटीदार, राजेश इकलेरा, कमल बदासा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### समाजों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

नगर भ्रमण के दौरान सिख समाज, पोरवाल समाज, रैदास समाज, जाट समाज, कुर्मी, क्षत्रिय और पाटीदार समाज सहित विभिन्न समाजों ने मंच लगाकर यात्रा का स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया।

#### रथ में रखी ऐतिहासिक सामग्री

यात्रा में शामिल रथ पर सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा उपयोग की गई विभिन्न ऐतिहासिक वस्तुओं को कांच के बॉक्स में दर्शनार्थ रखा गया था। साथ ही लगभग तीन किलो सोने का वह स्तंभ भी प्रदर्शित किया गया, जिससे उन्हें सम्मानित किया गया था। रथ पर लगी उनकी आदमकद प्रतिमा पर भी लोगों ने पुष्पमालाएं अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

#### 40 दिन तक मध्यप्रदेश में करेगी भ्रमण

यात्रा संयोजक सतीश पटेल, मनीभाई पटेल और बाबूभाई पटेल ने बताया कि यह एकता यात्रा गुजरात से प्रारंभ होकर मध्यप्रदेश के लगभग सभी जिलों में 40 दिनों तक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भ्रमण करेगी। इसके बाद यह यात्रा देश के विभिन्न राज्यों में जाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देगी। कार्यक्रम का संचालन नवीन नाहर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन केके गौर और बबलू पाटीदार ने व्यक्त किया। इस दौरान सभी समाजों की एकजुटता और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सम्मेलन में जमा 60 हजार रुपए लौटाने पर विवाद

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी मजरा टपरियन निवासी युवक ने सम्मेलन में विवाह कराने के नाम पर जमा कराए गए रुपये वापस न मिलने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मानसिंह कुशवाहा पुत्र गोरेलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 30 नवम्बर 2025 को सम्मेलन के माध्यम से संस्कृति गार्डन राजघाट ललितपुर में होना तय हुआ था। इस सम्मेलन का आयोजन एक कथित संस्था नई राह फाउंडेशन के अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा था। पीड़ित के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने के लिए उसने 30 हजार रुपये की रसीद कटवाई थी, जबकि उसके रिश्तेदार निवेदिका पुत्री पूरन निवासी ग्राम कथनौवा ने भी 30 हजार रुपये जमा किए थे। बाद में किसी कारणवश सम्मेलन स्थगित हो गया, जिसके बाद उसने अपने निवास से ही विवाह कर लिया। मानसिंह का आरोप है कि विवाह के बाद उसने फाउंडेशन के अध्यक्ष से अपने रुपये वापस करने को कहा। इस पर उसे 40 हजार रुपये वापस कर दिए गए, जबकि 20 हजार रुपये बाद में देने की बात कही गई। पीड़ित का कहना है कि जब वह 2 दिसंबर 2025 को फाउंडेशन के कार्यालय इलाइट चौराहा, राजघाट रोड पर शेष रुपये लेने गया तो वहां मौजूद अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य लोगों ने रुपये देने से इनकार कर दिया और अभद्रता करते हुए धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक मौके पर मौजूद दिनेश कुमार और रामप्रसाद सहित अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया।

### शून्य बैलेन्स होने पर अपने आप बिजली कट जाएगी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. लखनऊ ने प्रदेश में 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू कर दी है। स्मार्ट प्री-पेड व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जायेगी। इस दौरान प्री-पेड उपभोक्ताओं के खाते में बैलेन्स शून्य हुआ, तो बिजली अपने आप कट जायेगी। प्रदेश में प्री-पेड मीटर लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है। 13 मार्च के बाद यदि प्री-पेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के खाते में बैलेन्स खत्म होता है, तो उसकी बिजली स्वतः ही कट जाएगी। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को अलर्ट मैसेज भी भेजे जा रहे हैं ।

## पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, चप्पे-चप्पे पर पहरा रहा

# बायोमेट्रिक, फेस वैरिफिकेशन व तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के 8 सेंटरों पर आयोजित हो रही उप्र उप निरीक्षक परीक्षा-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी, सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने शनिवार को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने नेहरू महाविद्यालय भाग 1 व भाग 2, रघुवीर सिंह महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, पीएन इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, वर्णी जैन इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के कण्ट्रोल रुम में सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी, जिसमें परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पाये गए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापक/सहायक केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा सहायकों को निर्देश दिए कि सभी कैमरों का संचालन सुचारु रखा जाए और पूरे समय सचेत रहकर कैमरों का संचालन देखते रहें। परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन सम्पन्न कराने में किसी भी स्तर पर



लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र के भीतर मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, स्मार्ट ग्लासेज, नेक बैंड आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसपर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों सहित डयूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारियों का बायोमैट्रिक और फेस वैरिफिकेशन व सघन तलाशी ली जाए।

उन्होंने सभी सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे और किसी भी घटना की जानकारी तत्काल हमे देंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कोई अराजक तत्व परीक्षा में व्यवधान न डाल पाए, यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के अंदर व बाहर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें। किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पेहरा रहेगा। की परीक्षा की प्रथम पाली में पंजीकृत 2400 परीक्षार्थियों में से 1520 उपस्थित तथा 880 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में पंजीकृत 2400 परीक्षार्थियों में से 1548 उपस्थिति तथा 852 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन एवं सतत निगरानी में परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## लाइनमैन, मजदूरों ने पत्र सौंपा

# जल संस्थान के पंप ऑपरेटर की न्यूनतम मजदूरी की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जल संस्थान झांसी डिवीजन की शाखा जल संस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पंप ऑपरेटर व लाइनमैन मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी दिलाने तथा आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है।

मजदूरों का कहना है कि वे वर्ष 2001 से जल संस्थान के अंतर्गत ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें ठेकेदार के माध्यम से बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पंप ऑपरेटर को लगभग 4000 रुपये प्रतिमाह तथा लाइनमैन मजदूर को करीब 5500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाता है, जो शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। मजदूरों का कहना है कि इतने कम वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च चलाना भी कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी तय की गई है, जिसका लाभ उन्हें भी मिलना चाहिए। मजदूरों ने मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी उनके बैंक खातों में दिलाई जाए और उन्हें आउटसोर्सिंग सेवा निगम में शामिल किया जाए। साथ ही उनकी आर्थिक समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द समाधान किए जाने की मांग भी की गई है। इस संबंध में मजदूरों ने संबंधित अधिकारियों से समस्या का शीघ्र निराकरण कराने की अपील की है। ज्ञापन देते समय सोनू मिश्रा, गोविन्द, वीरन कुशवाहा, रविन्द्र, जगदीश, कल्यान, रामदास, संतोष ऐरा आदि मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

# गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर आप का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की तरह ललितपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश की आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, जबकि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते लोग फिर से लाइनों में लगने को मजबूर हो गए हैं। जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में करीब 60 रुपये तथा कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है और आम जनता की कमर टूट चुकी है। साथ ही यह भी कहा कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी किए जाने से देश को आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसका सीधा असर महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है। हरदयाल सिंह लोधी ने यह भी आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे और मध्यम उद्योगों पर भी आर्थिक दबाव बढ़ रहा है और बेरोजगारी की स्थिति तेजी से बढ़ती जा रही है। आप कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए तथा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी देशभर में जन आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., प्रमोद नामदेव एड., रमेश कुमार, देवकी, वृन्दावन, हजारीलाल राजपूत, बुद्धसिंह बुन्देला, आरती के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों की सेवा करना बड़ा पुण्य कार्यः चौहान

## मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान ने जरूरतमंदों को राशन बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



माह रमजान के पाक महीने में मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान रजि. के पनारी कार्यालय पर गरीब, निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को खाद्यान्न का सामान वितरित किया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष जाकिर राज चौहान ने कहा कि गरीबों, निसहायों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि हर मजहब यही सिखाता है कि जरूरतमंदों की सेवा करो।

मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान रजि. के द्वारा लोगों को प्रतिवर्ष खाद्यान्न का सामान वितरित किया जाता है जिससे कोई गरीब व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म या जाति का हो, उसे खाने-पीने के लिए पूरा राशन दिया जाता है जिससे वह खाना खाकर भूखा न सो सके। उन्होंने कहा कि मैंने उन लोगों के हालात को करीब से देखा, तो दिल के अंदर एक गहरी टीस महसूस हुई। तब एहसास हुआ कि हमारे समाज का एक कोना ऐसा भी है जहाँ लोग खामोशी के साथ अपनी परेशानियों से लड़ रहे हैं। ऐसे ही अंधेरे कोनों में थोड़ी सी रोशनी लाने का प्रयास यह संस्था कर रही है। मानव सेवा ही मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान का प्रमुख उद्देश है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोग आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद करें। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता शब्बीर खां मंसूरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय में कुछ पैसा निकालकर लोगों की मदद करनी चाहिए, जिससे समाज में कोई भी व्यक्ति भूखा न सो सके। पत्रकार जावेद किरमानी ने कहा कि मदद करने के लिए अमीर होना जरूरी नहीं है। अगर हम सब अपनी हैसियत के हिसाब से थोड़ा-थोड़ा सहयोग करें, तो वही छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर किसी की बड़ी परेशानी कम कर सकती हैं। ताहिर खान ताहिर की कलम ने कहा कि मैं संस्था के अध्यक्ष जाकिर राज चौहान का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूँ, जिन्होंने इस संस्था की शुरुआत की और इंसानियत की यह राह दिखाई। जरूरतमंदो की सेवा करना केवल मदद का कार्य नहीं है, बल्कि इंसानियत की सच्ची मिसाल है। संस्थान उपाध्यक्ष फहीम बख्श ने कहा कि मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान गरीब जरूरतमदों की सहायता के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करेगा। इससे भाईचारे व एकता में बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आगे बताया कि मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान द्वारा लगभग 50 जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँचाई गई एवं महरौनी की नसरीन बानो के सहयोग से मानव कल्याण चैरिटी सेवा संस्थान के निर्देशन में मदरसा इस्लामिया दारुल उलूम मोहम्मदिया बाईपास ललितपुर में हाफिज नोमान की उपस्थिति में मदरसे में पढ़ रहे बच्चों को निशुल्क ड्रेसे उपलब्ध करायी गई थी। केहर सिंह बुन्देला, शहनाज बेग, शिवांगी, पूनम लखेरा, अफजल खान ताज बीड़ी, नाजिर बेग, फहीम बख्श, शमीम खान, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

# पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर भाजपा का चल रहा पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो दिवसीय वर्ग का समापन हो गया। इसमें विषयवार कई सत्रों का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने हमारी कार्य पद्धति विषय पर अपने विचार रखे ।इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन ने की एवं संचालन पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान दो हजार छब्बीस के जिला संयोजक बब्बू राजा बुंदेला ने किया।

इसमें जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति की जानकारी विस्तार से दी। वर्ग के दूसरे दिन प्रथम सत्र में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड ने पार्टी कार्य विस्तार विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मूल स्वरूप के अलावा विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठ के वारे में विस्तार से जानकारी दी।

अगले सत्र की अध्यक्षता ललितपुर महिला मोर्चा की जिला महामंत्री रुचिका बुन्देला ने की और संचालन नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर ने किया। वर्ग की सहसंयोजक किरण अग्रवाल ने वन्देमातरम और वर्ग गीत का गायन किया।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने बूथ प्रबंधन बिषय पर अपने विचार रखे। इसके बाद अन्तिम सत्र की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड उपस्थित रहे सत्र का संचालन वर्ग प्रभारी प्रदीप चौबे ने किया।

इस सत्र में जिला कार्यालय मंत्री अवतार सिंह लोधी एड ने सोशल मीडिया विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने फेशवुक, व्हाट्सएप,एक्स, इंस्टाग्राम आदि के संचालन में राजनीतिक लाभ एवं सावधानियों के वारे में बताया तथा इसके लाभ हानि की जानकारी दी। अन्त में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि यह वर्ग हम लोगों में पार्टी की रीतियों नीतियों की जानकारी देने के साथ साथ हम सब में एक पारिवारिक एकता का भाव जगाता हैं।

उन्होंने कहा कि हमे इसमें इसलिए अनिवार्य रुप से भाग लेना चाहिए कि हम पार्टी विचारों को संप्रेषण करने और एकाग्रता से सुनने का भाव ग्रहण कर सकें तथा पार्टी के प्रति भावनात्मक एकता से ओतप्रोत हो सकें। समापन भाषण को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि बहुत खुशी की वात है कि इस वर्ग में कार्यकर्ताओं की प्रतिभागिता अच्छी रही । हम लोग वर्ग लगाते भी इसलिए हैं कि नये कार्यकर्ताओं को अपने विचारों और कार्यप्रणाली से परिचित कराया जा सके तथा पुराने लोगों को पुनः प्रशिक्षित किया जा सके । उन्होंने कहा कि हम जब दो दिनों तक लगातार एक साथ बैठते उठते हैं। बैठकें करते हैं।जलपान, भोजन करते हैं तो हम में एकता और भ्रातृत्व का भाव जागता है ।

## भरतपुरा में गौरैया बचाओ अभियान का आयोजन

# नन्हे हाथों ने उठाई गौरैया के संरक्षण की मशाल



**ललितपुर।** प्रकृति और पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता जगाने के उद्देश्य से ब्लाक जखौरा के कम्पोजित उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतपुरा में एक मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव ऑर्गेनाइजेशन, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एस.एफ.डी) और भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गौरैया बचाओ अभियान के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र विद्यालय के बच्चे रहे, जिन्होंने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हे स्कूली बच्चों ने गीतों और कहानियों के माध्यम से लुप्त होती गौरैया के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पर्यावरणविद् पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों के साथ अपने जमीनी अनुभव साझा किए। उन्होंने बहुत ही सरल तरीके से बच्चों को समझाया कि कैसे हम अपने घरों के आसपास छोटे-छोटे बदलाव करके गौरैया को फिर से वापस ला सकते हैं। जनपद के युवा लेखक अभिनव जैन ने साहित्य और सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपनी कहानियों और लेखन में गौरैया के चरित्र का जीवंत चित्रण कैसे करें, ताकि समाज में जागरूकता फैले। कार्यक्रम में उत्साह का संचार तब हुआ जब गौरैया रक्षक विकास झा ने बच्चों को सुंदर गौरैया मास्क (मुखौटे) वितरित किए। इन मुखौटों को पहनकर बच्चों ने जो क्रियात्मक प्रतिक्रिया दी, वह देखने योग्य थी। शिक्षा जगत की गरिमामयी उपस्थिति इस अभियान को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक मंजूलता सिंह, सहायक अध्यापक नेहा यादव, शिक्षामित्र प्रीति यादव, अनुदेशक रिंकी देवी साहू और मांडवी उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को प्रकृति से जोडने की एक सार्थक पहल है। ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों में इस तरह के संवाद न केवल बच्चों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाते हैं, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी सुनिश्चित करते हैं। गौरैया जैसी विलुप्त होती प्रजाति को बचाने के लिए सामुदायिक भागीदारी का यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

## प्रदेश स्तरीय मिनीबॉल प्रतियोगिता

# कम्पोजिट विद्यालय की पीटी का श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



विद्यालय में छात्राओं का सम्मान

36 वीं राज्य स्तरीय मिनीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन डा.भीमराव अंबेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा स्थल प्रयागराज रोड धाभासेमर अयोध्या में आयोजित किया गया। कम्पोजित उच्च प्राथमिक विद्यालय बानपुर के व्यायाम शिक्षक सुधीर जैन ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने पीटी प्रदर्शन में विद्यालय स्तर से संकुल, ब्लॉक, जनपद, मंडल में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अयोध्या में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा में विद्यालय की बेटियों ने पीटी का बेहतरीन प्रदर्शन करके जनपद का मान बढाया। छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने मैडल एवं पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अयोध्या से वापिस लौटने पर विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम एस.आई.विपिन कुमार कस्बा इंचार्ज बानपुर के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमेशा हौसले बुलंद रखना चाहिए। सफलता अवश्य मिलती है। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक सीमी फरजाना एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्राओं का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पीटी की टीम में विद्यालय की छात्राओं में मधु, साक्षी चौरसिया, अनि, सुहानी, अंशिका, राधिका, नीलम विश्वकर्मा, राधिका कुशवाहा, संध्या, अंकिता कुशवाहा, नंदिनी, दिव्या, पूजा, सिद्धि नामदेव, माहेश्वरी, पूजा, आराधना ने प्रतिभाग किया।

## शहर के प्रमुख मार्गों पर राष्ट्र संत की अगुवाई में सजी रंगोली

# महावीर की संस्कृति को जीवंत रखना भक्त की जिम्मेदारीः सुधासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भगवान महावीर की संस्कृति की जीवंत रखना प्रत्येक भक्त की जिम्मेवारी है आज धर्म की नहीं वरन भगवान महावीर की संस्कृति की प्रभावना कर ललित पुर वासियों ने बता दिया कि बुन्देलखण्ड में आज भी संस्कार जीवन्त है। उन्होने कहा धर्म व्यक्ति का निजी होता है जिसको कोई भी नहीं छीन सकता यह अंत समय तक उसके साथ रहता है और व्यक्ति के भविष्य को सुधारता है।

उक्त उद्गार राष्टसंत तीर्थ चक्रवर्ती मुनि श्री सुधासागर महाराज ने अभिनंदनोदय तीर्थ में आयोजित धर्मतना में व्यक्त किए। धर्मसभा के पूर्व जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन एवं पंचायत समिति ने मुनिसंघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। जबकि गुरूदेव के



पादाक्षालन का पुण्यार्जन गुरुभक्त राजेन्द्र जैन अंकित जैन थनवारा एवं संजीव जैन राजीव चौधरी परिवार को मिला जवकि मुनि श्री की पूजन महिला भण्डल द्वारा भक्ति पूर्वक की गई। प्रतिष्ठाचार्य वालव्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश ने ललितपुरवासियों को गौरव के पल बताए जय गुरुदेव आज भक्तों के बीच विराजित हैं। धर्मसमा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। इसके पूर्व में आज प्रतःकाल निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज की भव्य अनुवाई ललितपुर नगर के लिए ज्यों ही शुरू हुई भक्त उत्साह से सराबोर अगुवाई के लिए पहुंचे और दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा गोविन्दसागर बाध हाईवे से प्रारम्भ हुई जो नेहरूमहाविद्यालय से गाजे बाजे के साथ झूमते हुए आगे कही। लगभग 5 किमी लम्बे चल समारोह में ध्वज पताकाए लिए 51 अश्व, दो हाथी उट पर सवार श्रेष्ठजन ध्वज पताकाए लिए हुए थे वहीं वाइकों पर जयजयकार करते हुए नवयुवक आकर्मण का केन्द्र रहे। पंजाव एवं उदयपुर के दिव्यपोरों द्वारा प्रस्तुति, पाठशाला की बालिकाओं द्वारा जैन आर्मी की परेड सलामी के साथ गुरुदेव की अगुवानी अपने आप में अनूठी रही। बुन्देली संस्कृति राईसेरा के साथ 20 डीजों के साथ थिरकते भाजनों पर झूमते युवकों का अत्साह, शस्त्र प्रदर्शन करती जैन वीरांगनाओं द्वारा गुरूदेव की परिक्रमा के साथ मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ससंघ की अनुवाई हुई। शोभायात्रा नेहरू महाविद्यालय से मवेशी बाजार आजाद चौक घंटाघर तुवन चौराहा होते हुए अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंची। घंटाघर चौक पर विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व पालिका अध्यक्ष रमेश खटीक आदि शामिल हुए।

### बिजली बिल राहत योजना बकाया 31 तक जमा करें

**ललितपुर।** बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत पंजीकरण कराकर बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को उ.प्र. पॉवर कारपोरेशन लि. लखनऊ ने राहत दी है। दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ता जो किन्हीं कारणों से पूरी राशि जमा नहीं कर पाये थे, वे अब 31 मार्च तक अधिभार में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 15 प्रतिशत छूट प्राप्त कर राशि का भुगतान कर लाभ ले सकते हैं। फरवरी 2026 में पंजीकृत भी छूट प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। पात्र द्वारा 31 मार्च तक योजना में बकाया जमा नहीं किया जाता है तो 1 अप्रैल को उनके विद्युत बिल में 100 प्रतिशत अधिभार एवं मूलधन में मिलने वाली छूट की धनराशि पुनः सम्मिलित हो जायेगी।

### जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त 32 एलपीजी वितरकों को दिए निर्देश

# पिछले सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद बुक हो पाएगी रिफिल

### आवश्यक सेवाओं के अलावा अन्य स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) के सिलेंडरों की फिलहाल तक कोई समस्या नहीं है। परन्तु सोशल मीडया पर कुछ भ्रामक प्रचारों के चलते जिले के उपभोक्ता गैस सिलेंडरों का स्टॉक करने में लगे हुए हैं। यही वजह है कि गैस एजेंसियों एवं गोदामों के सामने अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है। इन सबके बीच जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरैलू गैस की कोई किल्लत नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह केसरी ने इस बाबत जिले के समस्त एलपीजी वितरकों, पेट्रोल पंप संचालकों, थिंक गैस प्रबंधक से चर्चा कर आमजनों हेतु जानकारी साझा की है।

डीएसओ केसरी ने बताया कि सभी वितरकों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति केवल घरैलू उपभोक्ताओं को ही की जाए। एलपीजी वितरण में भविष्य में कोई समस्या न आने पाए इसके लिए और भी उपाए किए गए हैं। किसी भी उपभोक्ता की गैस सिलेन्डर की पिछली डिलेवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जाएगी। वर्तमान में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा किसी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं (होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्रो, फेक्ट्री आदि) को कॅर्मिशियल एलपीजी (बल्क एण्ड पैक्ड) की सप्लाई नहीं की जाएगी।

#### जिले में एलपीजी के कुल 32 वितरक

जिले में आईओसीएल(इंडियन ऑइल कारर्पोरेशन लिमिटेड), भारत गैस, बीपीसीएल कंपनी के कुल 32 एलपीजी वितरक हैं। वितरकों द्वारा प्रशासन के सज्ञान में लाया गया कि उनके पास सिलेन्डरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वितरकों की ऐजेन्सी द्वारा इण्डेन्ट लगाने पर दूसरे दिन ऐजेन्सी को स्टॉक प्राप्त हो जाता है। जिला आपूर्ति विभाग ने समस्त एलपीजी वितरकों से कहा है कि गैस सिलेण्डर के लिये ऐजेन्सियों पर अनावश्यक भीड़ न लगने पाए और उपभोक्ता अपनी बारी आने पर रिफिल प्राप्त करें। रिफिल बुक नहीं होने की समस्या का निराकरण संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा कर दिया गया है।

#### कालाबाजारी करने वालों पर करवाई जाएगी एफआईआर

आपको बतादें कि गत दिवस कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इस संबध में जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। सभी एजेंसी संचालकों को कलेक्टर एवं एसपी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### दुकानों पर घरैलू गैस के इस्तेमाल पर होगी कार्यवाही

प्रशासन ने स्पष्ट किया है व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर पूर्व से घरैलू गैस सिलेन्डर प्रतिबंधित हैं लेकिन अब इन निर्देशों का ज्यादा सख्ती से पालन किया जाएगा। अगर किसी भी प्रतिष्ठान, दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि पर घरैलू गैस सिलेन्डर इस्तेमाल होता पाया गया तो सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है।

### शासन से एससी में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

# टीईटी परीक्षा का किया विरोध शिक्षक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण संचालनालय ने पिछले दिनों देश की सर्वोच्य अदालत के एक संदर्भ का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) देने संबंधी आदेश जारी किया था। उक्त आदेश जारी होने के बाद से ही जिले के शिक्षक समुदाय में खासा रोष व्याप्त है। शुरूआत में दबी जुबान में हुआ यह विरोध अब खुलकर सामने आया है।

इसी संबंध में शुक्रवार दोपहर शासकीय शिक्षक संघ के बैनर तले अन्य शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी सहित शिक्षकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि जो शिक्षक बीते 27 सालों से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं उनके लिए उक्त परीक्षा करवाने का क्या औचित्य है। ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पूर्व में शिक्षकों की भर्ती के संबंध में जारी अनेकों आदेशों का हवाला देते हुए टीईटी परीक्षा को बेबुनियाद और बगैर विचार के लिया गया निर्णय करार दिया गया है। शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीईटी परीक्षा के संबंध में सर्वोच्य न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाए।

#### जारी आदेश निरस्त करे लोक शिक्षण

इसके साथ ही लोक शिक्षण अपने द्वारा जारी शिक्षक विरोध आदेश को निरस्त करे। इस दौरान शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष भगवान राणावत, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, पीएमयूएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह खिंची, मप्र शिक्षक संघ पदाधिकारी विजय भ्रदावले सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कर्मादेवी जयंती पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



ब्यावरा। मां कर्मा देवी जयंती के 3 दिवसीय महोत्सव में शुक्रवार को पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे मां कर्मा देवी की महा आरती के बाद रक्तदान का आयोजन शुरू किया गया है। जिसमें 17 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें 7 महिला और 10 पुरुषों ने अपना रक्तदान किया। भारत एकता ग्रुप के द्वारा रक्तदान का शिविर लगाया गया था। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चला कार्यक्रम।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



सारंगपुर। समीपस्थ ग्राम बिलोदा सड़क में शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सारंगपुर द्वारा नवांकुर सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुशील व्यास ने की। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सारंगपुर के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रतिभागियों को परिषद की अवधारणा, उद्देश्य, गठन प्रक्रिया तथा कार्यों के दस्तावेजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं एवं आगामी कार्ययोजना के बारे में भी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को गांवों में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, जैविक कृषि, गौसंवर्धन, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और सामाजिक समरसता जैसे विषयों से अवगत कराया।कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया द्वारा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ सरपंच श्रीमती बसंती बाई बेस द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नवांकुर प्रभारी रामविलास लोदी, दिनेश सिसौदिया, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, मनोहर लववंशी, रघुराज सिंह सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राधेश्याम मेवाड़ा, श्याम चौहान, मुकेश जाट, पवन सिंह बेस सहित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### मोबाइल मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

# तकनीकी साक्ष्यों से ढूंढ निकाले गुम हुए 451 मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ऑपरेशन टेस एण्ड रिटर्न के तहत राजगढ़ जिला पुलिस ने अलग-अलग समय पर जिले के आमजनों के गुम, चोरी हुए, जेबों से गिरे 451 मोबाइल टेक्नॉलाजी की मदद से ढूंढ निकाले हैं। शुक्रवार दोपहर एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने एक प्रेसवार्ता के दौरान इस ऑपरेशन पर प्रकाश डालते हुए करीब 1 करोड़ 8 लाख के इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों के हैंडओवर किया।

पुलिस की इस सफलता में जिले के समस्त थाना प्रभारियो, आधुनिक तकरीक एवं विभाग के विशेष पोर्टल की अहम भूमिका रही। अपने गुमे हुए मोबाइल वापस पाकर संबंधित मोबाइल मालिकों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ती नजर आई। पुलिस की इस कार्यवाही से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। वहीं वर्दी के प्रति जनता का विश्वास और दृढ़ हुआ है।

#### अन्य जिलों एवं राज्यों से भी ट्रेस हुए मोबाइल

राजगढ़ पुलिस द्वारा मोबाइलों की बरामदगी केवल जिले तक ही सीमित नहीं रही बल्कि तकनीकी विश्लेषण से अन्य जिलों देवास, इंदौर, टीकमगढ, शाजापुर, उज्जैन, भोपाल, रतलाम, आगर-मालवा, अशोकनगर, गुना, विदिशा, रायसेन होशंगाबाद, खरगौन धार, ग्वालियर, रीवा, शिवपुरी भिण्ड, मंदसौर आदि एवं राज्यों बिहार, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश में उपयोग किए जा रहे मोबाइल फोन भी ट्रेस कर बरामद किए गए। इस पूरी सफलता में सायबर सेल प्रभारी जीतेंद्र अजनारे की विशेष भूमिका रही।

## सड़क किनारे तक हो गए कब्जे, प्रशासन ने हटवाए



राजगढ़। जिले में अनेकों स्थानों के आंतरिक मार्गों के किनारे निवासरत लोगों ने अपने स्वामित्व की जगह से अनेकों फीट आगे तक अवैध कब्जे किए हुए है। जहां-जहां से प्रशासन को इस तरह के बेजा कब्जों की सूचना मिल रही है, उन्हें हटवाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अंतर्गत करनवास से सीलापानी एवं देहरी बामन से सनखेडी मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान मार्ग पर कुछ ग्रामीणों द्वारा शोल्डर पर बागड़ एवं फेंसिंग लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। इस अतिक्रमण से निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए दल गठित किया। उक्त दल में राजस्व निरीक्षक करनवास शंकरलाल नागर, हल्का पटवारी अरविंद चैधरी, अमरकांत जायसवाल, सुरेश जेठवार, मनोज यादव, कैलाशचंद्र यादव तथा संबंधित ग्राम कोटवार को शामिल किया गया। उक्त दल द्वारा करनवास से सेलापानी रोड का अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की गई।

## मिसरोद मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, पाटीदार समाज ने तहसीलदार को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। मिसरोद मुख्य मार्ग पर हुए विवाद के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को पाटीदार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सारंगपुर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समाजजनों ने बताया कि 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:30 बजे मिसरोद मुख्य मार्ग स्थित शासकीय स्कूल के पास बुजुर्ग और साध्वी रजना के वाहन के बीच विवाद की घटना हुई थी। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त मार्ग संकरा होने के कारण एक समय में एक ही वाहन निकल सकता है। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। समाजजनों का आरोप है कि इस दौरान उनके सामाजिक बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई और उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। घटना के समय वहां भीड़ जमा हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बाद में वाहन चालक मौके से गाड़ी लेकर जाने लगा, तभी बुजुर्ग ने स्वयं को बचाने के लिए वाहन पकड़ लिया, जिससे वे कार के भीतर जा बैठे। समाजजनों का कहना है कि इस पूरे मामले में मिसरोद पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई है और उनके चार बुजुर्गों के नाम गलत तरीके से प्रकरण में जोड़ दिए गए। पटेल समाज ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जब तक जांच पूरी न हो, तब तक अन्य नाम न जोड़ने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नंदकिशोर पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, महेश पाटीदार, ए आर पाटीदार, मानसिंह पाटीदार, सुरेश पाटीदार सहित पाटीदार समाजजन मौजूद थे।

#### राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पांचवीं पुण्यतिथि दिव्यता दिवस के रूप में मनाई

ब्यावरा। प्राजपिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी वाकेंद्र में शुक्रवार को राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पांचवीं पुण्यतिथि 'दिव्यता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारी परिवार के भाई-बहनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवाकेंद्र की संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि दादी हृदयमोहिनी का जीवन सादगी, सेवा भावना और आध्यात्मिक साधना से परिपूर्ण था। उन्होंने राजयोग के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके विचार और जीवन दर्शन आज भी लोगों को सकारात्मक सोच और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## मेडिकेयर कॉलेज में लैब टेक्नीशियन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन




सारंगपुर। मेडिकेयर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पैरामेडिकल कॉलेज) द्वारा लैब टेक्नीशियन दिवस के अवसर पर 13 मार्च को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय मॉडल स्कूल की प्राचार्य बबिता मिश्रा तथा सिविल हॉस्पिटल सारंगपुर के लैब इंचार्ज एस.के. गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के ज्वाइंट डायरेक्टर ऋषभ सिंह यादव और अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोगशालाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी नई खोज, दवा के विकास या बीमारी के सही निदान के पीछे प्रयोगशालाओं और लैब टेक्नीशियनों का अहम योगदान होता है। इसी महत्व को समझने और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वर्ल्ड लेबोरेटरी डे मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक अच्छा लैब टेक्नीशियन अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ में सुनैना सेन, नितेश जोशी, संगीता गौर, मधु यादव, सिमरन राठौर, तन्मय सोलंकी, संजना गुप्ता, प्रवाशा सिंह, मुस्कान मंसूरी, रीना दांगी, सोनाली यादव, उमा सिंह राजपूत, कल्पना पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध करवाने प्याऊ का शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ संचालित की जाती हैं, ताकि गर्मी में बाहर से आने जाने वाले राहगीरों व यात्रियों को पेयजल सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में गर्मी के दिनों में नगर में शीतल जल की उपलब्धता हेतु नगर परिषद द्वारा नगर में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। पूर्व वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आम नागरिकों व बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को गर्मी में ठंडा जल उपलब्ध हो सके नगर में स्वामी विवेकानंद चैराहा, हटीले हनुमान मंदिर के पास, स्टेडियम के पास आवास कॉलोनी, माचलपुर नाका,खिलचीपुर नाका, और कान्वेंट स्कूल के पास 6 स्थान पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,उपाध्यक्ष हेमंत जोशी पार्षद प्रतिनिधि शिवचरण मण्डलोई , मुकेश पुष्पद , कमल झावा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा जल शाखा सुनील नागर, जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शुजालपुर में हुआ सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

# सम्मेलन में 162 बेटियों का विवाह व 38 बेटियों का हुआ निकाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है। बेटियों के पाणिग्रहण संस्कार से बड़ा पुण्य का, कोई दूसरा काम हो ही नहीं सकता। पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है। इस योजना से प्रदेश के गरीब-वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक हमारी सरकार हर कदम पर बहनों-बेटियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है। इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से हमेशा बचें। अपने बेटे-बेटियों का विवाह, निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करें। इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही कराया है।

मंत्री इंदर सिंह परमार ने विवाह सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। सामाजिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना ने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। आज के दौर में विवाह आयोजनों में फिजूलखर्ची बढ़ रही है। यह समाज के हित में नहीं है। इसलिए सभी को अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह सामूहिक विवाह और ऐसे आयोजनों में ही कराने की ओर बढ़ना होगा। परमार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी का जीवन प्रेम, विश्वास, सम्मान और संस्कारों से परिपूर्ण रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष शुजालपुर बबीता परमार ने भी संबोधित किया।

#### नव विवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दिया

इस अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार एवं उपस्थित अतिथियों ने नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद एवं उपहार भेंट किए। सर्व धर्म सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन में कलेक्टर ऋजु बाफना, जनपद पंचायत शुजालपुर अध्यक्ष सीताबाई रामचंदर पाटोदिया, उपाध्यक्ष मंजूबाई गोविन्दसिंह मेवाड़ा, विजय सिंह बैस, कृपाल सिंह मेवाड़ा, अशोक नायक, नरेन्द्र सिंह यादव, देवेन्द्र तिवारी, अरविंद परमार, अशोक मालवीय, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राज कुमार हलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

#### सरकार बेटियों के सम्मान, सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शुजालपुर में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों के सम्मान, इनके सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए सदैव ही प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में 200 बेटियों का सामूहिक विवाह/निकाह सम्पन्न हुआ। इसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 बेटियों का कबूलियत निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नवविवाहित जोड़े को मंगलाशीष के तौर पर सरकार की ओर से गृहस्थी के लिए 49-49 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन वर-वधु को जन्म-जन्मांतर तक साथ देने की अमरता की बेला का उत्सव है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आगे और भी अधिक विशाल बनेगा तथा सभी जरूरतमंद परिवारों के लिए सबसे बड़े मददगार के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।